चरणों में रखना मैया जी

चरणों में रखना मैया जी मुझे,
चरणों में रखना माँ,
अब तो सहारा बस तुम्हारा है माँ,
हो, इक तुझे हर घड़ी पुकारा है माँ,
चरणों में रखना मैया जी मुझे,
चरणों में रखना माँ.....

गहरी नदिया नाव पुराणी,
हाथों से पतवार छूट गयी,
संगी साथी मोड़ गए मुँह,
माथे लिखी लकीर रूठ गयी, हो,
तू ही तो खिवैया, तू किनारा है माँ,
एक तुझे हर ग घड़ी ही पुकारा है माँ,
चरणों में रखना मैया जी मुझे,
चरणों में रखना माँ....

बन के सवाली, यह जग सारा,
पाता है तुझसे नज़राने,
में क्या बोलूं, मुझ से ज़्यादा,
मेरे मन की माँ तू जाने,
भूल क्या हुई जो यूँ बिसारा है माँ,
इक तुझे हर घड़ी पुकारा है माँ
चरणों में रखना मैया जी मुझे,
चरणों में रखना माँ.....

भरे हुए भंडार माँ तेरे,
मेरी खाली झोली तरसे,
ताने देगी दुनिया सारी,
भगत लौट गए जो दर से, हो,
भोला भाला भक्त कितना हारा है माँ,
इक तुझे हर घड़ी ही पुकारा है माँ,
चरणों में रखना मैया जी मुझे,
चरणों में रखना माँ......

https://alltvads.com/bhajan/lyrics/id/28993/title/charno-me-rakhna-mayia-ji

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |